चली जा रही है ये जीवन की रेल भजन लिरिक्स

चली जा रही है ये जीवन की रेल,
समझ कर खिलौना इसे यूँ ना खेल।bd।
chali ja rahi hai ye jeevan ki rail lyrics
देखे – जीवन तो भैया एक रेल है।

कुशल कारीगर ने है इसको बनाया,
बड़ी अकलमंदी से इसको चलाया,
पड़े इसके इंजन में कर्मो का तेल,
समझ कर खिलौना इसे यूँ ना खेल।bd।

किसी को चढ़ावे किसी को उतारे,
घड़ी दो घड़ी के मुसाफिर है सारे,
यही पर जुदाई यही पर है मेल,
समझ कर खिलौना इसे यूँ ना खेल।bd।

जरा सी खराबी अगर इसमे आए,
कदम एक भी ये सरकने ना पाए,
सदा के लिए एक पल में हो फैल,
समझ कर खिलोना इससे तू ना खेल।bd।

ना अपनी खुशी से यहाँ लोग आए,
मगर सबने आकर यहा दिन बिताए,
कोई समझे मंदिर कोई समझे जेल,
समझ कर खिलोना इससे तू ना खेल।bd।

रहे कुछ सफर भर रोते चिल्लाते,
मगर कुछ महापुरुष हँसते हँसाते,
गए हर मुसीबत को हिम्मत से झेल,
समझ कर खिलौना इसे यूँ ना खेल।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पथिक रेलगाड़ी में जो भी चढ़ा है,
कही ना कही तो उतरना पड़ा है,
समय ने है डाली सभी को नकेल,
समझ कर खिलौना इसे यूँ ना खेल।bd।

चली जा रही है ये जीवन की रेल,
समझ कर खिलौना इसे यूँ ना खेल।bd।

Singer – Rajkumar Vinayak
Upload By – Devendra Kumar
906867662

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com